### खबर संक्षेप



## डकैती और लूट के मामले में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सतना।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने डकैती,मारपीट और नकदी लूटने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहां से अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान यश उर्फ यशवर्धन सिंह (उम्र 20 वर्ष),पिता निर्भय सिंह,निवासी-ग्राम लोहरौरा बताया गया है। इस घटनाक्रम में शामिल कई अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। यश लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था।

## ई-अटेंडेंस की जल्दबाजी बनी काल, अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की दर्दनाक मौत



**सतना।** जिले में ई-अटेंडेंस लगाने की आपाधापी के बीच एक दुखद सड़क हादसा सामने आया है। सतना से इलाज कराने के बाद जल्दबाजी में अपने स्कूल लौट रहे एक शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह घटना मतेना के पास हुई है। पुलिस में मर्द कायम किया है घटना की जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शिक्षक अपनी मोटर साइकिल से विद्यालय की ओर जा रहे थे,तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। मृतक शिक्षक बर्ती स्थित शासकीय विद्यालय में पदस्थ थे। वह सुबह सतना शहर इलाज कराने आए थे और ई-अटेंडेंस का समय पर मार्क करने के दबाव के चलते वापस स्कूल लौट रहे थे।

## कलेक्टर के फैसलों से मैहर प्रशासन में दिखी सख्ती

**मैहर।** मैहर जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई का संदेश देते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने एक के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। तहसीलों में कार्य विभाजन से लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था,स्वच्छता और सीएम हेल्पलाइन तक कलेक्टर की सक्रियता ने प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित संस्थाओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया गया है कि सिविल हॉस्पिटल मैहर में साफ-सफाई एवं अन्य गंभीर कमियां मिलने पर सीएमएचओ डॉ.मनोज शुक्ला और सिविल सर्जन डॉ.एस.बी.अवधिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में सुधार एवं स्पष्टी करण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सड़कों के गड्ढों से बेहाल सतना

# आज श्रमदान करेगा चैंबर ऑफ कॉमर्स उग्र आंदोलन की दी चेतावनी







**सतना। शहर की जर्जर और बदहाल सड़कों को लेकर जनता का गुस्सा चरम पर है। नगर निगम और जिला प्रशासन की अनदेखी से तंग आकर अब चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। आज सायं 4 बजे चैंबर के प्रतिनिधि और व्यापारी प्रमुख मार्गों के गड्ढों को भरने के लिए स्वयं श्रमदान करेंगे।**



### इन प्रमुख स्थानों पर भरा जाएगा मलबा

पॉवरहाउस चौक से पन्नीलाल चौक (खिल्लूमल ज्वैलर्स व राज एजेंसी के सामने)
पॉवरहाउस चौक से मनीष बूट हाउस मार्ग,पुराना नगर निगम तिराहा (दुर्गा मंदिर के सामने)

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सतना में भारतीय जनता पार्टी के सांसद और महापौर होने के बावजूद शहर की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। नगर निगम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने, शहर में जन-मोर्चा निकालने और महापौर को दो बार लिखित ज्ञापन सौंपने के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं टूटी है। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने साफ कर दिया है कि यदि श्रमदान के बाद भी नगर निगम ने सड़कों की सुध नहीं ली,तो व्यापारी वर्ग एक बार फिर बड़ा और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने लगाई फांसी मौत

**मैहर।** मैहर पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ताला थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के 04 नफर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर के निर्देशन में तथा एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा के नेतृत्व में की गई। दिनांक 15.07.2026 को थाना ताला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ललितपुर नं.02 में मृतिका सोनम तिवारी पति अतुलेश कुमार तिवारी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम ललितपुर नं.02 थाना ताला जिला मैहर (म.प्र.) द्वारा अपने कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिस पर थाना ताला पुलिस द्वारा मर्ग पंजीबद्ध किया जाकर पीएम एवं पंचनामा कार्यवाही एसजीएमएच रीवा में की गयी मृतिका नवविवाहिता होने से मर्ग जांच ख्याति मिश्रा एसडीओपी अमरपाटन द्वारा की गयी जिनके द्वारा मर्ग जांच के दौरान मृतिका के मायके पक्ष के बयान दर्ज किये गये जो मृतिका के परिजनों द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022 में मृतिका सोनम तिवारी के भाई की एक्सीडेन्ट से मृत्यु हो गयी थी जिस पर मृतिका के पिता को क्लेम राशि के रुपए मे 17 लाख रुपये मिले थे जिसको लेकर मृतिका उसके पति अतुलेश तिवारी,ससुर कमलेश्वर तिवारी,सास सुनीता



तिवारी,जेठ निलेश तिवारी,एवं ननद बबली मिश्रा द्वारा आये दिन दहेज को लेकर प्रताडित करते एवं मृतिका को कहते कि अपने पिता से पैसे एवं सम्पत्ती लेकर आओ और जो तुम्हारे पिताजी को क्लेम का पैसा मिला है उसमे से आधा पैसा लेकर आओ तब मृतिका के पिता द्वारा अपने बैंक खाते से पैसे निकाल कर तीन बार 01-01 लाख रुपये अपने दामाद अतुलेश तिवारी को नगद दिया गया इसके बाद भी ससुराल पक्ष के द्वारा लगातार मृतिका सोनम को दहेज के लिये मानसिक रुप से प्रताड़ति किया गया जिससे परेशान होकर मृतिका सोनम तिवारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी जिस पर थाना ताला में मर्ग क्र.25/26 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध किया जाकर पीएम पंचनामा कार्यवाही एसजीएमएच रीवा से करायी गयी एवं मर्ग जांच से मृतिका के पति अतुलेश तिवारी, ससुर कमलेश्वर तिवारी,सास सुनीता तिवारी,जेठ निलेश तिवारी,एवं ननद बबली मिश्रा द्वारा मृतिका को दहेज के लिये मानसिक रुप से प्रताड़ति करने पर मृतिका द्वारा स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाये जाने से प्रथमदृष्ट्या अपराध धारा 80(2),85,3(5) बीएनएस एवं 3/4 द.प्रति.अधि.का घटित होना पाये जाने से आरोपीगण के विरुद्ध थाना ताला में अपराध क्रमांक 237/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।दहेज हत्या के जघन्य अपराध को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी अमरपाटन के नेतृत्व में आरोपीगण अतुलेश कुमार तिवारी पिता कमलेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 33 वर्ष, कमलेश्वर प्रसाद तिवारी पिता स्व.शत्रुघन तिवारी उम्र 62 वर्ष,सुनीता तिवारी पति कमलेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 48 वर्ष सभी निवासी ग्राम ललितपुर नम्बर 02 थाना ताला जिला मैहर(म.प्र.), बबली मिश्रा पति शिवप्रसाद मिश्रा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा जिला रीवा (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया है एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण का एक आरोपी निलेश तिवारी पिता कमलेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम ललितपुर नम्बर 02 थाना ताला जिला मैहर(म.प्र.) का फरार है जिसकी पता तलाश जारी है।

## कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति में होने का लाभ जिला पोर्टल पर मिले : श्रीकांत

### विधानसभा में मामला उठाया।

**मैहर।** मैहर जिले कि कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति में जिला पोर्टल पर दर्ज किया जाए। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर जिले कि कुम्हार जाति अनुसूचित जाति में सूचीबद्ध होने के बाद भी मैहर के जिला पोर्टल पर न होने से इस समुदाय के नागरिकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विगत सत्र दिनांक 18 फरवरी 2026 के तरंग के प्रश्न क्रमांक 823 के प्रति उत्तर में सरकार ने कार्यवाही प्रचलन में लेख किया था जो अभी तक पूर्ण नहीं होने के कारण जिला पोर्टल पर कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति में दर्ज करने का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है।

## एसडीएम कार्यालय में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन



### बैरिकेड तोड़कर पहुंचे कार्यकर्ता,छात्रों के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** जिला कांग्रेस कमेटी मैहर एसडीएम कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को तोड़ते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ देर तक मौके पर गहमागहमी का माहौल बना रहा। बाद में कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस का प्रदर्शन दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ कथित बल प्रयोग,बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी,बार-बार हो रहे पेपर लीक,बदहाल शिक्षा व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर था। पूरे प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अपने अधिकारों और भविष्य की मांग कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। उनका कहना था कि छात्रों के समर्थन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ किया गया कथित बल प्रयोग भी लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,केशव प्रसाद चौरसिया, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा तथा विश्वमोहन बड़गइंया बच्चू ने भी संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध की आवाज को बल प्रयोग और गिरफ्तारी से नहीं दबाया जा सकता। छात्रों और युवाओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांगे जिनमें दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बरतापूर्ण बल प्रयोग एवं लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। राहुल गांधी जी के साथ किए गए बल प्रयोग की जांच कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।बढ़ती महंगाई पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण किया जाए। नौजवानों के लिए व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार हो रहे पेपर लीक पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



## लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता से करें कार्य : महापौर

**सतना।** नगर निगम कार्यालय स्थित महापौर कक्ष में बुधवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने नगर निगम के इंजीनियरों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर में संचालित विकास कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता,समय-सीमा एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि नगर निगम सतना शहर के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।बेहतर सड़कें,सुदृढ़ अधोसंरचना,स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित नगर तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**मैहर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी विभाग में अनावश्यक लंबित प्रकरण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया,ताकि आम नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# नैक मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय ने रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में बढ़ाया कदम

### उद्योगों से जुड़े व्यावसायिक पाठ्यक्रम युवाओं के लिए खोलेंगे करियर के नए द्वार

**सतना।** तेजी से बदलते औद्योगिक और तकनीकी परिवेश में पारंपरिक डिग्रियां अब अकेले रोजगार की गारंटी नहीं रहीं। उद्योग ऐसे युवाओं की तलाश में हैं, जिनके पास विषयगत ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल,आधुनिक तकनीकों की समझ और कार्यस्थल का अनुभव भी हो। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नैक मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय,सतना ने उद्योगों के सहयोग से अनेक अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ उद्योगों में व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार के लिए पूर्णतः सक्षम बनाना है। विश्वविद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तैयार किए गए ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को केवल कक्षागत शिक्षा तक सीमित नहीं रखते,बल्कि उन्हें उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली,अत्याधुनिक तकनीकों,व्यावसायिक दक्षताओं और कार्य संस्कृति से भी परिचित कराते हैं। इससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी और उन्हें देश-विदेश के प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सल केबल्स लिमिटेड के सहयोग से बी.टेक./एम.टेक./सर्टिफिकेट इन केबल एंड वायर टेक्नोलॉजी, इंडो जर्मन टूल रूम के सहयोग से बी.टेक. इन टूल इंजीनियरिंग, थिंक साइबर प्रो के सहयोग से बी.टेक. एवं बीसीए इन साइबर सिक्योरिटी तथा बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (बीओएटी), वेस्टर्न रीजन, मुंबई के सहयोग से बी.एससी. इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट, बी.एससी. इन इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स, बी.कॉम. इन बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई),बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट, बीबीए इन रियल एस्टेट एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट तथा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा एवं बी.टेक. इन डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे अनेक व्यावसायिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन पाठ्यक्रमों की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता अप्रेंटिसशिप आधारित शिक्षण व्यवस्था है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी अध्ययन के साथ ही उद्योगों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इससे उन्हें वास्तविक कार्यानुभव,आधुनिक उपकरणों और तकनीकों के



उपयोग, समस्या समाधान, टीम भावना,समयबद्ध कार्य संस्कृति तथा व्यावसायिक अनुशासन का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। यही अनुभव उन्हें रोजगार बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और अध्ययन पूर्ण होने के साथ ही बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार इन पाठ्यक्रमों का विकास एनसीवीईटी,यूजीसी,सीआरआईएसपी तथा मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। इनके संचालन एवं गुणवत्ता की सतत निगरानी संबंधित संस्थाओं और औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा की जाएगी,ताकि विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।पत्रकार वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति इंजी.अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े,प्रति कुलपति डॉ.हर्षवर्धन,कुलसचिव प्रो.आर. एस. त्रिपाठी,विपणन प्रमुख अविनाश मिश्रा,विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुधीर कुमार जैन,प्राध्यापक प्रो. एल. एन. शर्मा तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## टंकी निर्माण बख्तरी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग



**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बख्तरी में जल संसाधन विभाग द्वारा टंकी का निर्माण कराया जा रहा है मौके में आज जाकर आदिवासी दलित क्रांति सेना संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने मेडासन नदी की मिट्टी युक्त रेता (बालू) का उपयोग करने से मना किया गया काम रोकने से ठेकेदार एवं जल संसाधन विभाग कर्मचारी ने आकर कार्य को दिखा जो उन्होंने भी टकी निर्माण में गलत रूप से मिट्टी युक्त रेता का निरीक्षण कर टकी निर्माण को रेता लगाने से रोक लगाई आदिवासी दलित क्रांति सेना के संयोजक केपी सिंह बुंदेला इसी गांव के निवासरत हैं जो ग्राम सभा के सदस्य है तथा उनकी पत्नी सरपंच रही है। अगर आम व्यक्ति अपने ग्राम में काम होने वाले कार्य को देखकर करें, तो निर्माण एस्टीमेट के मुताबिक सही होगा। श्री बुंदेला द्वारा उक्त टकी निर्माण पन्ना कलेक्टर द्वारा उच्च स्तरीय जांच करा ठेकेदार के काम की जांच कर, गलत पाए जाने पर दंडित करने का कष्ट करें। टकी निर्माण कार्य मैं सामग्री जो गलत है इसका मुख्य कारण ठेकेदार के दलाल।

## दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग, विवाहिता से मारपीट कर मायके छोड़ा; पति समेत तीन पर मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना अमानगंज में एक विवाहिता ने पति, सास और ससुर पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ति करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अंधरखुआ निवासी विवाहिता ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह वर्ष 2022 में ग्राम रैगुआ निवासी शिवचरण चौधरी से हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद करीब एक वर्ष तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पति ने मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये दहेज में लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति शिवचरण चौधरी के साथ सास प्रेमबाई और ससुर कल्ला चौधरी भी दहेज की मांग का समर्थन करते थे तथा उसे ताने देते थे कि जब तक मायके से दहेज नहीं लाएगी, तब तक उसे ससुराल में नहीं रखा जाएगा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि 10 जुलाई की रात पति ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके पीठ और दाहिने कंधे में चोटें आईं। विवाहिता के अनुसार, 19 जुलाई को उसका पति उसे मायके छोड़ गया और कहकर चला गया कि जब तक दहेज लेकर नहीं आएगी, तब तक उसे अपने साथ नहीं रखेगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति शिवचरण चौधरी, सास प्रेमबाई और ससुर कल्ला चौधरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85, 296(बी), 351(3), 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### गोपाल है गोपाल मेरो है-श्री इन्द्रेष उपाध्याय जी के द्वारा भजन गीत प्रस्तुति पर झूम रहे भक्तगण

# श्री युगल किशोर मंदिर प्रांगण में बह रही धर्म रूपी भक्त मय गंगा

**पन्ना।**

इन दिनों पन्ना के श्री युगल किशोर मंदि प्रांगण में जहां प्रति दिन उत्साह बढ़ता नजर आ रहा है। आज समाचार लिखे जाने तक श्री इन्द्रेष उपाध्याय जी के द्वारा श्री जुगुल किशोर मंदिर प्रांगण में ब्यास पीठ की मंच से सुन्दर भजन गोपाल है गोपाल मेरो है की प्रस्तुति जो दी जा रही थी उसमें भक्तगण झूम उठें पन्ना इस समय वास्तविकता में बृजधाम की तरह नजर आ रहा है। मंदिर से लेकर पूरे नगर में एक ही जनचर्चा पन्ना के जुगुल किशोर मंदिर में जहां भागवत कथा के साथ-साथ जाने माने पहुंचे हुए संतों व प्रवचन कर्ताओं का जो प्रेम जो भक्तमय भगवान कृष्ण की लीलाओं से ओतप्रोत पन्ना की पवित्र धरा में जो चल रहा है। यह देखते ही बनता है। हजारों की संख्या में भक्तगण प्रतिदिन इस कार्यक्रम की एक झलक पाने के लिए बेताब है। वहीं समूचे भरा हुआ हाल अपने आप में इस नगर में जो अपार श्रृद्धा भगवान जुगुल किषोर को लेकर जानी जाती है वह साक्षातकार प्रतीत हो रही है। आज पंडित इन्द्रेष उपाध्याय जी के द्वारा जिस तरह से गोपाल मेरो है मेरे का भजन गायन किया उनकी प्रस्तुति के दौरान समूचे भक्तगण खड़े होकर भगवान कृष्ण की भक्ति में झूम उठे। पन्ना बना बृजधाम।





# गूंजी छात्रों की आवाज, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर कांग्रेस ने किया संवाद

### 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की अनियमितताओं पर उठे सवाल

**पन्ना।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में छात्रों एवं युवाओं से जुड़े मुद्दों, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, पेपर लीक, शिक्षा और रोजगार जैसे विषयों पर केंद्रित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को स्थानीय श्री जगदीश स्वामी टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिंडोरी विधायक एवं जिला समन्वयक ओमकार सिंह मरकाम रहे। इस दौरान जिले के प्रभारी राजभान सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं तथा रोजगार के अवसरों की कमी को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। विद्यार्थियों ने कहा कि नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक और अनियमितताओं से मेहनती छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता बताई।

### राहुल गांधी छात्रों की आवाज उठा रहे हैं - ओमकार सिंह मरकाम

मुख्य अतिथि ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि आज देश का युवा कठिन मेहनत के बावजूद अपने भविष्य को लेकर असुरक्षा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं से अनेक युवाओं का मनोबल टूटा है। उनके अनुसार, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए श्छात्रों की गूंजश अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि कोटा और देहरादून के बाद अब पूरे देश में इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों की समस्याएं सुनी जा रही हैं।



### परीक्षा व्यवस्था में सुधार की उठी मांग-

मरकाम ने कहा कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के कारण कई छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है और कुछ मामलों में विद्यार्थियों की जान तक चली गई। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं की आवाज सरकार तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है।

### इन छात्रों ने रखी अपनी बातें -

छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शिवम कुशवाहा, आशीष साहू, अमित अहिरवार, कुमारी नेहा साहू, सुग्रीव कुशवाहा, राजेश पटेल, अयान खान, सोनू यादव, कुलदीप गर्ग, नमन अहिरवार, बंधुता चौधरी, राधिका रैकवार, हिमांशु सिंह, रवि कोरी,आराधना कारपेंटर, कृष्णा पटेल, मनीषा कोदर ने अपनी बातें रखी। वहीं शिक्षक पुष्पेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र पाठक एवं डॉक्टर के पी राजपूत ने भी संबोधित किया।

# 85 करोड़ की भ्रष्टाचार की नहर, 13 साल बाद भी किसान प्यासे, सरकार मौन

**गुनौर।** बुंदेलखंड को विकास के सुनहरे सपने दिखाने वाली सरकार के दावों की पोल पन्ना जिले के भितरी मुटमुरु सिंचाई परियोजना ने खोल दी है। यहाँ विकास की गंगा बहने के बजाय भ्रष्टाचार का ऐसा कीचड़ जमा है, जिसने हज़ारों किसानों की किस्मत पर ताला लगा दिया है। 2011 में शुरू हुई यह योजना आज 13 साल बाद भी बदहाली के आंसू रो रही है।पहली बारिश ने धो दिए सरकार के दावेभितरी मुटमुरु टैंक स्कीम की शुरुआत अक्टूबर 2011 में बड़े तामझाम के साथ की गई थी। 16.67 करोड़ की लागत से मिट्टी का बांध और नहर बनाने का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया। लक्ष्य था कि 2013 तक किसानों के खेतों में पानी पहुँच जाएगा। लेकिन नियति और विभाग की मिलीभगत देखिएकृनिर्माण पूरा होते ही पहली बारिश में बांध का एक हिस्सा ताश के पत्तों की तरह ढह गया। यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि घटिया निर्माण सामग्री और प्रशासनिक अनदेखी का जीवंत प्रमाण था।85 करोड़ का बजट, पर धरातल शून्यश्सूत्रों के अनुसार, पूरी नहर प्रणाली और बांध के आधुनिक बुनियादी ढांचे के लिए लागत बढ़कर करीब 85 करोड़ तक पहुँच गई है। प्रस्तावित 25 किलोमीटर लंबी नहर के जरिए 11,571 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का भव्य लक्ष्य कागजों पर तो चमक रहा है, लेकिन हकीकत में नहर के निशान ढूंढना मुश्किल है।भ्रष्टाचार के श्भंवरश में फंसी योजनाइस परियोजना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैंरूवही ठेकेदार, वही लापरवाहीरू बांध टूटने के बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई करने के बजाय उसी पुराने ठेकेदार को काम दुरुस्त करने का जिम्मा सौंप दिया। सवाल उठता है कि आखिर सरकार उस ठेकेदार पर इतनी मेहरबान क्यों है जिसका काम पहली बारिश नहीं झेल पाया?कागजी घोड़े जहाँ एक ओर करोड़ों की राशि का आहरण हो रहा है, वहीं धरातल पर काम की गति या तो बंद है भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं। किसानों का दर्द खेत प्यासे, नेता मस्त क्षेत्र के किसानों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन सिंचाई के नाम पर उन्हें सिर्फ धोखा मिला है। 11 हजार हेक्टेयर से अधिक की सिंचाई क्षमता वाली यह योजना अगर समय पर पूरी होती, तो आज पन्ना के इस इलाके की तस्वीर बदल सकती थी। सरकार से सीधे सवाल जब 2013 में काम पूरा होना था, तो 2026 तक यह प्रोजेक्ट 'अधूरा' क्यों है? बांध टूटने के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?जनता की गाढ़ी कमाई के 85 करोड़ रुपये भ्रष्टाचार की भेंट कब तक चढ़ते रहेंगे?निष्कर्षरू भितरी मुटमुरु परियोजना अब केवल एक बांध नहीं, बल्कि सरकार की विफलता का स्मारक बन चुकी है। यदि सरकार जल्द ही इस पर संज्ञान नहीं लेती, तो आने वाले समय में यह मुद्दा क्षेत्र में एक बड़े जनांदोलन का रूप ले सकता है।



# गोदाम के पीछे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया पिकअप चालक, करंट लगने से दर्दनाक मौत

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में पिकअप चालक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब चालक माल लोड करने के लिए एक गोदाम पहुंचा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रवि सिंह ठाकुर निवासी ग्राम मझगवा कलिंजर पिकअप वाहन चलाते थे। वह उमा साहू की पिकअप लेकर अमानगंज स्थित हरिओम असाटी के गोदाम पर सामान लेने पहुंचे थे। इसी दौरान गोदाम के पीछे निकली विद्युत लाइन की चपेट में आने से उन्हें जोरदार करंट लग गया। घटना के बाद उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई भारत सिंह ठाकुर की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।





**यूथ कांग्रेस ने सुनी विद्यार्थियों की समस्याएं, छोटी समस्याओं का किया मौके पर निराकरण**

# पवई के सांदीपनि गार्डन में संपन्न हुआ 'छात्र की गूंज' कार्यक्रम

**पवई।**

सांदीपनि गार्डन पवई में बुधवार को भारतीय यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह उर्फ सौरभ सिंह के मार्ग दर्शन सुरेंद्र कुमार नामदेव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवई के नेतृत्व में छात्र की गूंज नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले मां सरस्वती, राष्ट्रपिता, और संविधान निर्माता बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना था। कार्यक्रम में पवई विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में पहुंचे। यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने सभी विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, कॉलेज, छात्रवृत्ति,बस सुविधा और अन्य समस्याओं को बारीकी से सुना। छात्रों ने मुख्य रूप से विद्यालय आने जाने की समस्या, छात्रवृत्ति में देरी,पुस्तक वितरण में देरी, विद्यालयों के शौचालय में साफ सफाई का न होना लाइब्रेरी और खेल मैदान की कमी जैसी समस्याएं बताईं। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर ही कई छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रमाण पत्र संबंधी समस्या,शिकायत निवारण के साथ करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर मार्गदर्शन सत्र भी चलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ष्छात्र ही देश का भविष्य हैं। उनकी आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। जो समस्याएं आज यहां रखी गई हैं उन्हें जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग तक पहुंचाकर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, आगे भी हर महीने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी गूंज को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर भुवन विक्रम सिंह(केसु राजा),शशांक लटोरिया, सत्येंद्र जैन,रामसेवक सिंगरौल,नरेंद्र तिवारी,कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश बागरी यूथ ब्लॉक अध्यक्ष,भूपत शाह बुंदेला, विकास वाल्मीकि,शकील खान,शिवरतन सिंह,सनी राजा,सोनू चौधरी,शिवम रजक,अंकुश राजा,दीपक अरजरिया,स्वदेश सोनी,राजा जी बुंदेला,श्यामलाल कुशवाहा,लालमणि,केदार लखेरा, भगवान दास साहू रूपनारायण पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कांग्रेसियों ने कोतवाली चौक पर किया विरोध प्रदर्शन



**पन्ना।** देश के युवा छात्र-छात्राओं के समर्थन में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी को तानाशाही सरकार ने बलपूर्वक गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस जनों ने कोतवाली चौक पर जमकर नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन उपस्थित जनों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खान पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पुरुषोत्तम जड़यिा, मनीष मिश्रा, श्रीमती रमा बुंदेला, श्रीमती आस्था तिवारी, श्रीमती विमला सिंगरौली, स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ,दीपक तिवारी ,अंकित शर्मा, राजबहादुर पटेल, सुनील अवस्थी, सरदार सिंह यादव ,बासुदेव बुंदेला, कदीर खान, सुरेंद्र आदिवासी ,रियासत खान ,अरविंद सोनी ,वेदांत मिश्रा ,अभिषेक चौरसिया ,संदीप द्विवेदी , जितेंद्र जाटव ,सौरव पटेरिया, दीप साहू, नसीम खान, नदीम खान, रोशन खान, जाहिद खान, सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे

### पुलिस ने रैपुरा थाना क्षेत्रान्तर्गत बघवारकलां हत्याकांड का किया सफल खुलासा

## पत्नी ने पूर्व पति के साथ मिलकर रची थी हत्या की साजिश, दोनों आरोपी सूरत से गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा रैपुरा थाना में दर्ज हत्या के अप.क्र. 159/25 धारा 103(1), 3(5) बी.एन.एस. के दोनो आरोपियों को दिनांक 21 जुलाई 2026 को कपोदरा, सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 11/07/25 को फरियादी मुन्नालाल सोनी निवासी बघवार कलां द्वारा थाना रैपुरा में रिपोर्ट की गई कि मेरे बेटे नन्नू सोनी की शादी सद्दा बाँदा (उ.प्र.) की रहने वाली अर्चना सोनी के साथ हुई थी । अर्चना सोनी की पहली शादी ग्राम बगहा अजयगढ़ के राम प्रताप सोनी के साथ हुई थी। अर्चना को पहली शादी से 02 बच्चे थे। शादी के बाद से बहू आये दिन नन्नू सोनी से जमीन अपने दोनो बेटो के नाम कराने को लेकर विवाद करती थी। कल दिनांक 10-11 जुलाई की दरम्यानी रात में मेरा लड़का नन्नू सोनी और बहू अर्चना सोनी अपने कमरे में सो रहे थे। जब मैं सुबह जगा तो देखा मेरा बहू अर्चना सोनी एवं उसके दोनो बच्चे घर में नही थे और लडका नन्नू सोनी मृत हालत में बिस्तर में पड़ा था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में हत्या का अपराध क्रमांक 159/25 धारा 103(1), 3(5) बी.एन.एस. का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा एस.डी.ओ.पी. पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रैपुरा उनि. स्मिता सिंह बघेल के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। साथ ही पुलिस साइबर सेल टीम पन्ना को आरोपियों से संबंधित तकनीकी जानकारी एकत्रित कर विवेचना में सहयोग करने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण कर संभावित आवागमन मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये तथा स्थानीय लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई । विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि आरोपिया अर्चना सोनी ने अपने पूर्व पति रामप्रताप सोनी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद से फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम ने लगातार करीब 12 महीनो तक अपने तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा तथा आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस टीम ने महू इंदौर, पीथमपुर (धार), रायपुर (छत्तीसगढ़), दिल्ली, गुरुग्राम (हरियाणा), पुणे (महाराष्ट्र), जयपुर (राजस्थान), छतरपुर, बांदा तथा सूरत (गुजरात) सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश की गई। गिरफ्तारी से बचने के एवं पुलिस से छिपने के लिये आरोपी लगातार अपने रहने, काम करने के ठिकाने, वेशभूषा एवं नाम बदल रहे थे। पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के आरोपियों को कपोदरा, सूरत (गुजरात) से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि आरोपी रामप्रताप सोनी एवं आरोपिया अर्चना सोनी का विवाह लगभग 8-9 वर्ष पूर्व हुआ था, जिनसे उनके दो बच्चे है। आपसी विवाद के बाद अर्चना अपने मायके चली गई थी। इसके बाद अर्चना ने अपनी इच्छा से दिनांक 27 मई 2025 को नन्नू सोनी निवासी बघवारकलां के साथ न्यायालय में विवाह (कोर्ट मैरिज) किया तथा अपने दोनों बच्चों के साथ बघवारकलां में रहने लगी। अर्चना ने रामप्रताप को फोन करके बताया था कि नन्नू सोनी उसके दोनों बच्चों को पसंद नहीं करता था और इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद होता रहता था। जिसके बाद दिनांक 10 जुलाई 2025 को रामप्रताप ने बघवारकलां पहुँचकर अर्चना के साथ मिलकर लकड़ी की मुगरिया से नन्नू पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में अग्रिम विवेचना एवं आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की कार्यवाही जारी है।





### गिरफ्तार आरोपी -

1. रामप्रताप सोनी पिता भूरा सोनी, उम्र 36 वर्ष, निवासी बगहा, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना।
2. अर्चना सोनी पत्नी रामप्रताप सोनी, उम्र 27 वर्ष, निवासी बगहा, थाना अजयगढ़, जिला पन्ना।

# हनुमान मंदिर का रास्ता बंद, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**पन्ना।** शाहपुर गांव में हनुमान मंदिर जाने वाले सार्वजनिक मार्ग को कथित रूप से अवरुद्ध किए जाने का मामला गरमा गया है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि राजेश द्विवेदी ने पहले रास्ते पर अपना चार पहिया वाहन खड़ा कर आवागमन रोका और बाद में पत्थर डलवाकर पूरे मार्ग पर कब्जा कर लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत, विरोध और पुलिस को सूचना देने के बावजूद हालात नहीं बदले। यहां तक कि डायल-112 की मदद से वाहन हटने के बाद भी दोबारा रास्ता बंद कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता वर्षों से हनुमान मंदिर तक पहुंचने का सार्वजनिक मार्ग है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। मार्ग बंद होने से लोगों की धार्मिक आस्था पर असर पड़ रहा है और रास्ते पर डाले गए पत्थरों से दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। सवाल यह है कि आखिर शिकायतों के बाद भी सार्वजनिक रास्ता किसके संरक्षण में बंद पड़ा है? यदि कार्रवाई हुई है, तो फिर रास्ता आज तक क्यों नहीं खुला? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई कर सार्वजनिक मार्ग नहीं खुलवाया गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मंदिर का रास्ता तत्काल बहाल कराने की मांग की गई है।

खबर संक्षेप



## सीआरपीएफ जवान ने नौगांव में फांसी लगा कर की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**नौगांव।** नौगांव की परम कॉलोनी में रहने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही नौगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राकेश यादव (43) पुत्र कमल यादव के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावतपुरा खुर्द के निवासी थे और वर्तमान में नौगांव (जिला छतरपुर) की परम कॉलोनी में परिवार सहित रह रहे थे। राकेश यादव सीआरपीएफ में जवान थे और वर्तमान में दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में पदस्थ थे। जानकारी के अनुसार राकेश यादव 12 जुलाई को अवकाश लेकर अपने घर नौगांव आए थे। 13 जुलाई को उनकी पुत्री की सगाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ था। वह आगामी 27 जुलाई को पुनः ड्यूटी के लिए रवाना होने तथा 28 जुलाई को तिहाड़ जेल में अपनी जॉइनिंग करने वाले थे। इसी बीच मंगलवार शाम करीब 8 से 10 बजे के बीच उन्होंने घर में गमछे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना के समय परिजनों को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। नौगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।बताया गया है कि मृतक की पत्नी श्रीमती सुमन रावतपुरा खुर्द ग्राम पंचायत की वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। राकेश यादव अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी आकस्मिक मौत से परिवार और क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ के साथ ही उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बागेश्वर धाम में पुलिस की पैनी नजर, होटल-ढाबों का औचक निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था की जांच



**छतरपुर।** विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने सघन जांच अभियान चलाया। खजुराहो एसडीओपी और बमीठा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धाम क्षेत्र के होटल, लॉज और ढाबों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।‹निरीक्षण के दौरान पुलिस ने होटल और लॉज के कमरों की गहन तलाशी ली तथा ठहरे हुए आगंतुकों के पहचान पत्र, होटल रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की जांच की। संचालकों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक आगंतुक का वैध पहचान पत्र दर्ज करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बमीठा थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे द्वारा जारी 10-सूत्रीय निर्देशों के तहत बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी कर्मचारी को नियुक्त नहीं करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा रिसेप्शन, लॉबी और पार्किंग क्षेत्र को कवर करने वाले सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू और व्यवस्थित रखने, मास्क या हेलमेट हटाकर चेहरे की पहचान सुनिश्चित करने तथा सभी आवश्यक व्यावसायिक लाइसेंस प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बागेश्वर धाम क्षेत्र में इस तरह की जांच और निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। यदि किसी होटल, लॉज, ढाबे या अन्य प्रतिष्ठान में सुरक्षा संबंधी नियमों का उल्लंघन या किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और धाम क्षेत्र में कानून व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ बनाए रखना है।

# शासन की स्थानांतरण नीति को ठेंगा, उठ रहे तरह तरह के सवाल

### शासन की स्थानांतरण नीति को ठेंगा दिखाकर करीब 13 साल से छतरपुर जिले में डटे जेएसओ ऋषि शर्मा!

### विधानसभा-लोकसभा चुनाव क़े समय भी नहीं भेजी गई सही जानकारी? पीडीएस संचालन और भ्रष्टाचार के आरोपों पर ‹ उठे सवाल?



**छतरपुर।** जिला आपूर्ति विभाग छतरपुर में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (जेएसओ) ऋषि शर्मा का परिवीक्षा अवधि से ही करीब 13 वर्षों से एक ही जिले में पदस्थ रहना सवालों के घेरे में है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे वर्ष 2013 से छतरपुर जिले में ही कार्यरत हैं। आरोप है कि शासन की स्थानांतरण नीति और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बावजूद उनका अब तक स्थानांतरण नहीं हुआ। बताया जाता है कि 15 जून को जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे के खंडवा स्थानांतरण के बाद जिला प्रशासन द्वारा ऋषि शर्मा को जिला आपूर्ति अधिकारी का प्रभार भी सौंप दिया गया। वहीं शासन की सामान्य स्थानांतरण नीति के अनुसार किसी अधिकारी का एक ही जिले में लंबे समय(3 साल तक) तक पदस्थ रहना नियमों के विपरीत माना जाता है।

यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजी जाने वाली 3 वर्ष से अधिक समय से पदस्थ अधिकारियों की सूची में ऋषि शर्मा के संबंध में सही जानकारी नहीं भेजी गई। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऋषि शर्मा पर समय-समय पर भ्रष्टाचार तथा उनके संरक्षण में कुछ पीडीएस दुकानों के संचालन जैसे आरोप भी लगते रहे हैं। इधर, कुछ पीडीएस सेल्समैन भी उनकी कार्यशैली से असंतोष जताते हुए शासन स्तर पर शिकायत करने की तैयारी में बताए जा रहे हैं।



## छतरपुर के सरकारी स्कूल में टीवी पर फूहड़ गाने चलने का वीडियो वायरल, डीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**छतरपुर।** शहर के पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में पढ़ाई के दौरान टीवी पर फूहड़ गाने चलाए जाने का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कक्षा के भीतर छात्र-छात्राएं मौजूद दिखाई दे रहे हैं, जबकि सामने लगे टीवी पर फूहड़ गीत चल रहे हैं। शिक्षा के मंदिर माने जाने वाले विद्यालय में पढ़ाई के बजाय इस तरह के गानों का प्रसारण होने से शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। साथ ही यह भी चिंता का विषय है कि ऐसे माहौल का छात्र-छात्राओं के मानसिक और नैतिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ेगा। मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. रैकवार ने कहा है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी। जांच में यदि किसी कर्मचारी या जिम्मेदार व्यक्ति की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो नाव और चार मछुआरों के सहारे शुरू हुआ किशोर सागर तालाब का सफाई अभियान, 10 दिन में सफाई पूरी करने का दावा

**छतरपुर।** शहर के किशोर सागर तालाब में फैली गंदगी और बदबू का मुद्दा बीते रोज प्रमुखता से उठाया गया था जिसके मद्देनजर बुधवार से नगर पालिका द्वारा किशोर सागर तालाब की सफाई का अभियान शुरू किया गया है। दो नाव और चार मछुआरों की मदद से तालाब में फैली गंदगी, जलकुंभी और सड़ चुके कचरे को निकालने का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि अगले 10 दिनों के भीतर तालाब की सफाई पूरी कर ली जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। मीट मंडी और आसपास के कुछ दुकानदारों द्वारा बचा हुआ मांस और अन्य जैविक अपशिष्ट तालाब में फेंके जाने से पानी दूषित हो रहा है। इसके कारण तालाब में मछलियों की मौत हो रही है और सडन से आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। इससे पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका बनी हुई है।



सफाई अभियान के दौरान तालाब से कचरा और मृत मछलियों को बाहर निकालने का कार्य किया जा रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल सफाई अभियान चलाने के बजाय तालाब में गंदगी और अपशिष्ट फेंकने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, किशोर सागर तालाब के चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री नहीं होने से भी लोगों में चिंता बनी हुई है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय हरित अधिकरण में मामला लंबित होने और रोक के कारण तालाब की बाउंड्री का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में तालाब के किनारे सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से हत्रञ्ज के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्र समाधान निकालने और तालाब की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# बिना दुर्घटना वाहन जब्ती का आरोप, राजनगर थाना पुलिस के खिलाफ युवक ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** जिले के ग्राम सिमराढा निवासी बासुदेव कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपकर राजनगर थाना पुलिस और एएसआई शमी मुलहक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके वाहन को बिना किसी दुर्घटना के जब्त कर लिया गया और झूठा दुर्घटना प्रकरण दर्ज करने का प्रयास किया गया।

शिकायत के अनुसार, 11 मई 2026 को राजनगर थाने से फोन कर उसे बताया गया कि उसके वाहन से सड़क दुर्घटना हुई है। सूचना मिलने पर वह थाने पहुंचा, जहां वाहन की जांच की गई, लेकिन उसमें किसी प्रकार की टूट-फूट या दुर्घटना के निशान नहीं मिले। इसके बावजूद पुलिस ने बाद में वाहन को जब्त कर लिया और दुर्घटना का मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

बासुदेव कुशवाहा का आरोप है कि पुलिस ने वाहन का सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त किया, जिसमें वाहन सुबह 6:29 बजे ग्राम चिरैया के पास से गुजरता हुआ दिखाई देता है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर दुर्घटना होने की बात कही जा रही है, वहां से पुलिस को क्षतिग्रस्त सामान मिला था, लेकिन उनके वाहन पर दुर्घटना के कोई भी निशान मौजूद नहीं हैं, जिससे पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े होते हैं।

शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि 21 जुलाई 2026 को वाहन जब्त करने के दौरान पुलिस ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की तथा उसके भाई को थाने में बंद कराने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

22 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रस्तुत इस शिकायत पर फिलहाल पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की जांच के बाद ही आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

# सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**छतरपुर।** नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देशन एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के मार्गदर्शन में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत पुरानी तहसील, महल रोड पर जनजागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय शुक्लाना, छतरपुर एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास की अधीक्षिका ममता पटेरिया, उप अधीक्षिका प्रियंका सिंह, नगर पालिका परिषद की आईईसी टीम तथा छात्राओं में रानी अहिरवार, अंजली , दामिनी आदिवासी, अनसुइया अहिरवार, माही , चंदा आदि के द्वारा स्वक्षता विषयक प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को स्वच्छता अपनाने, मानसून जनित बीमारियों से बचाव, 4-बिन कचरा पृथक्करण, घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं ने अपने अभिनय के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों, विद्यालय के स्टाफ, छात्राओं एवं आईईसी टीम ने स्वच्छ एवं स्वस्थ छतरपुर के निर्माण में अपना सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।



## पीड़ित ने एसपी से लगाई आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार

**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नया मोहल्ला में हुई 27 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी की बड़ी चोरी के मामले में पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आवेदन सौंपकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और चोरी गए माल की बरामदगी की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया मोहल्ला निवासी वहीद खान 53 वर्ष पिता जहूर खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते 16 जून 2026 को वे अपने परिवार के साथ शाम करीब 4 बजे अपने ग्राम कुर्राहा गए हुए थे। जब वे 18 जून को वापस लौटे, तो उनके मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और आलमारी टूटी हुई थी। पीड़ित के अनुसार अलमारी में रखे भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण कुल लगभग 1500 ग्राम तथा साढ़े तीन लाख की नकद राशि शामिल थी चोर समेटकर ले गए। चोरी गए कुल जेवरात व नकद राशि की अनुमानित कीमत लगभग 27 लाख रुपये बताई गई है।

पीड़ित वहीद खान का आरोप है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बावजूद छतरपुर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। पीड़ित का दावा है कि उनके पास चोरी के मामले में आरोपी का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है, जिसमें आरोपी साफ नजर आ रहा है। इसके बाद भी पुलिस न तो आरोपी को गिरफ्तार कर रही है और न ही चोरी का सामान बरामद करने में कोई रुचि दिखा रही है। पुलिस की इस शिथिलता से परेशान होकर पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, फुटेज के आधार पर नामजद/चिन्हित आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार का चोरी हुआ सामान व नकदी बरामद करवाकर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

## कलश यात्रा के साथ हुआ नौ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

# बागेश्वर महाराज श्रवण कराएंगे मानव कल्याण की कथा

**छतरपुर।** सनातन धर्मावलंबियों की आस्था के केंद्र बागेश्वर धाम में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव की औपचारिक शुरुआत हो गई। इस महोत्सव में 7 दिनों तक मानव कल्याण की कथा श्रीमद् भागवत महापुराण श्रवण करने का अवसर भी लोगों को मिलेगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्री मुख से धर्मप्रेमी पावन कथा सुनेंगे।

बागेश्वर धाम के सेवादार नितेंद्र चौबे ने बताया कि बुधवार को धाम के प्राचीन माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग से होती हुई कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में जहां महिलाएं सर पर कलश रखकर चल रही थी तो वहीं ढोल नगाड़े के साथ-साथ घोड़े ऊंट आदि भी चल रहे थे। श्री चौबे ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव की विधिवत शुरुआत हो गई है। 23 से 29 जुलाई तक बागेश्वर महाराज श्रीमद् भागवत महापुराण की रस धारा बहाएंगे। आयोजन के संबंध में तैयारी पूरी हो चुकी है महोत्सव में आने वाले लाखों भक्तों के बैठने एवं प्रसाद पाने की व्यवस्था बागेश्वर जन सेवा समिति द्वारा की जा रही है।



### 23 से 25 तक गुरु दीक्षा, 26 से 28 तक गुरु शिष्य मिलन

नितेंद्र चौबे ने बताया कि इस महोत्सव में पहले दिन से तीन दिन लगातार पूर्व से पंजीकृत श्रद्धालुओं को महाराज श्री की दीक्षा मिलेगी। वहीं 26 से 28 तक उन शिष्यों से महाराज श्री भेंट करेंगे जो पूर्व में दीक्षा ले चुके हैं। कुल मिलाकर तीन दिनों तक दीक्षा समारोह और तीन दिनों तक गुरु शिष्य मिलन समारोह चलेगा। 29 और 30 जुलाई को पादुका पूजन का कार्यक्रम होगा। गत वर्ष सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा की पादुकाएं पूजने का अवसर लोगों को मिला था।

### एसडीओपी और थाना प्रभारी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बागेश्वर धाम में शुरू हुए महोत्सव की सफलता के लिए तैयारी लगभग पूरी हो गई है। यहां आने जाने वाले लोगों को किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इसके इंतजाम किए जा रहे हैं। खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल और बमीठा थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे ने धाम पहुंचकर बागेश्वर जन सेवा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की एवं आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। कथा मंच, पंडाल, श्रद्धालु प्रवेश, निकास मार्ग, पार्किंग बैरिकेटिंग से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में विधिवत चर्चा की। चूंकि यहां लाखों लोगों के आने की संभावना है इसलिए सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### होटल, ढाबों का किया औचक निरीक्षण

नितेंद्र चौबे ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से बागेश्वर धाम में संचालित होटल, होम स्टे सहित अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस ने कमरों की गहन तलाशी ली और आगंतुकों के पहचान पत्रों व रजिस्टरों की जांच की। चूंकि भीड़ अधिक होगी इसलिए पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने होटल और ढाबा संचालकों से कहा कि वे लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान दें। उन्हें ठहरने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। अधिकारियों ने कहा कि ठहरने वाले लोगों की पहचान से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज होटल, ढाबा संचालको एवं होम स्टे संचालकों के पास आवश्यक रूप से होना चाहिए। महत्वपूर्ण यह है कि इस सिद्ध स्थल तक आने वाले लोग बालाजी के दर्शन प्राप्त कर यहां की व्यवस्थाओं के बारे में भी अच्छे भाव रखें।

### किसानों को बिना परेशानी के उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिले, बिचौलियों को रोका जाए - कमिश्नर

# सभी मंडी एवं उप मंडी की जमीन एवं भवन राजस्व अभिलेख में दर्ज हों कमिश्नर ने कृषि उपज मंडी तथा कृषि विपणन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** सभी किसान बिना परेशानी एवं कठिनाई के अपनी उपज बेच सकें। उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। सभी किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिले। किसानों के बीच सक्रिय बिचौलियों को प्रतिबंधित करें। छोटे व्यापारियों को भी प्राथमिकता से लाइसेंस प्रदान करें। उक्त निर्देश रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने बुधवार को कृषि उपज मंडी तथा कृषि विपणन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक में सभी मंडी सचिवों को दिए। कमिश्नर ने कहा कि यदि किसानों को मंडी में उपज बेचने के लिए सभी सुविधाएं मिलेगी तो किसान समृद्ध होंगे। किसानों की स्थिति में सुधार होगा और कृषि उपज मंडी एवं उप मंडी को टैक्स की प्राप्ति होगी। इससे मंडियो की आय में भी बढ़ोतरी होगी।कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने मंडी सचिवों से कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए किसानों को मंडी में हर प्रकार की सुविधा दें। जब किसान अपनी उपज लेकर मंडी में आए तो उसके प्रवेश करने, उपज तौलने एवं ट्रांजैक्शन के टाइम में अनावश्यक समय न लगे। ट्रांजैक्शन टाइम कम रहे। वर्तमान में किसानों को मंडी में 10 से 12 घंटे अपनी उपज बेचने में लग जाते हैं। इस स्थिति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कमिश्नर ने सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि ट्रांजैक्शन टाइम में व्यापक स्तर पर सुधार करें। किसानों को अनावश्यक रूप से मंडी में न बैठना पड़े। उनकी उपज की तुलाई कम समय में प्राथमिकता से करें। कमिश्नर ने इसके लिए सभी सुविधाएं बनाने के निर्देश मंडी सचिवों को दिए। कमिश्नर ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए उन्हें एआईएफ योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रोसेसिंग यूनिट जैसे रेशम उत्पादन, शहद प्रसंस्करण, मशरूम की खेती, पौध संगरोध इकाईयां बनाने, बीज संग्रहण करने और अन्य यूनिट लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि एआईएफ योजना अंतर्गत किसान विभिन्न प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर अपनी आय दुगुनी कर सकते हैं। उन्होंने एआईएफ योजना का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए सभी मंडी एवं उप मंडी में फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि वह इस योजना का किसानों के बीच व्यापक प्रचार करना सुनिश्चित करें।कमिश्नर ने सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि वह अपनी मंडी एवं उपमंडी की जमीन एवं भवन को प्राथमिकता से राजस्व अभिलेख में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि यदि किसी मंडी प्रांगण में अतिक्रमण है तो सचिव मंडी एक्ट का उपयोग करते हुए प्राथमिकता से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। चाकघाट मंडी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के संबंध में संतोंषजनक जवाब न देने पर कमिश्नर ने मंडी सचिव को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी सचिव इस अतिक्रमण को सात दिन में हटाएं। कमिश्नर ने संभागीय सचिव को भी निर्देश दिए कि वह जिन मंडियो में अतिक्रमण है वहां का सीमांकन कराते हुए अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने मंडियों में कार्यरत हम्माल एवं तुलावटियों की संख्या की जानकारी ली और सभी मंडी सचिव को निर्देश दिए कि वह हम्माल एवं तुलावटियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ें एवं उन सभी से एक निश्चित अंशदान जमा कराकर उन्हें अटल पेंशन की पात्रता की श्रेणी में लाएं और उसका लाभ दिलाएं। उल्लेखनीय की अटल पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्ति निर्धारित अंशदान जमा कर 60 वर्ष की आयु के बाद अटल पेंशन के पात्र हो जाते हैं । कमिश्नर ने मंडी एवं उपमंडी प्रांगण में निर्माणाधीन कार्य की स्थिति की समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि रीवा मंडी जो अभी ग्रेड सी में है उसे ग्रेड ए में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही अन्य कृषि उपज मंडी जो बी ग्रेड में हैं उन्हें भी ए ग्रेड में लाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी मंडी सचिव किसानों से सतत संपर्क में रहें और उनसे संवाद कर कृषि उपज मंडी में ही अपनी उपज बेचने के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने मंडी कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए और कहा कि ट्रांजैक्शन के अनुसार ही कृषि उपज मंडियो को टैक्स मिलेगा। इससे मंडियो का रख रखाव बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने सभी मंडी सचिवों को इस पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने एमपी फार्म गेट एप की समीक्षा की। एमपी फॉर्म गेट एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे अपनी उपज व्यापारियों को बेचने की सुविधा मिलती है और मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने किसानों को यह सुविधा प्रदान की है कि वह अपने घर, खलिहान या गोदाम से सीधे व्यापारियों को अपनी उपज बेच सकते हैं। कमिश्नर ने संभागीय मंडी सचिव को निर्देश दिए कि समन्वय बनाकर किसानों की उपज बेचने की क्षमता का आकलन करें और व्यापारियों को उपज खरीदने के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने मंडी समितियो में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग के लिए स्थापित सुविधाओं की भी समीक्षा की। बताया गया कि क्लीनिंग एवं ग्रेडिंग प्लांट स्थापना के लिए कार्य किया जा रहा है। बैठक में संयुक्त आयुक्त (विकास) वीरेंद्र पटेल व दिव्या त्रिपाठी, संभागीय सचिव आनंद शर्मा, उप संचालक करुणेश शर्मा सहित रीवा संभाग के 11 कृषि उपज मंडी एवं उप मंडी के सचिव उपस्थित रहे।

## देश सबसे ऊपर है, कोई भी राजनीतिक दल उससे बड़ा नहीं हो सकता: राजीव सिंह परिहार

रीवा।



आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राजीव सिंह परिहार शेरा ने भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बीजेपी के कई नेता और समर्थक पार्टी को देश से बड़ा मानने लगे हैं,जो लोकतंत्र और देशहित के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। शेरा सिंह ने एक बयान जारी कर केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान सरकारें तानाशाही रवैया अपना रही हैं जिससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की कई स्वतंत्र इकाइयाँ सरकार के प्रभाव में आकर अपनी निष्पक्षता खोती जा रही हैं,जिससे आम जनता का विश्वास डगमगा रहा है। आप नेता ने कहा कि देश में रोजगार,शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा और न्याय जैसे मूलभूत मुद्दों पर हालात चिंताजनक हैं। लोग अपनी समस्याओं को लेकर सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं,लेकिन सरकार उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें किसी न किसी राजनीतिक दल से जोड़कर उनकी वास्तविक पीड़ा को नजरअंदाज कर देती है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जब आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन करता है,तो सरकार उसे राजनीतिक रंग देकर दबाने की कोशिश करती है,जो लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। राजीव सिंह परिहार ने कहा कि सरकार को पूरे देश और देशवासियों के विकास के लिए काम करना चाहिए,लेकिन वर्तमान स्थिति में सरकार केवल अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के हित में काम करती दिखाई दे रही है। अगर कोई नागरिक देशहित में सरकार की नीतियों का विरोध करता है,तो बीजेपी समर्थक उसे देशविरोधी बताने लगते हैं और पार्टी को देश से ऊपर रखने की मानसिकता अपनाते हैं। यह प्रवृत्ति देश के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना हर नागरिक का अधिकार है और इसे देशद्रोह या देश विरोधी विचारधारा से जोड़ना गलत है। उन्होंने बीजेपी सरकार से अपील की है कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुने और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता बनाए रखे।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 1220 किलो महुआ लाहन और 75 लीटर कच्ची शराब जप्त



**रीवा।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण और कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए वृत्त-बरौली एवं अन्य क्षेत्रों में छापेमार कार्यवाही की। इस दौरान 9 अलग-अलग प्रकरणों मे कुल 1220 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई।जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 33 हजार 250 रुपए बताई गई है।

आबकारी टीम ने ग्राम-चौखण्डी में दिनेश पाशी के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, गायत्री पासी के रिहायशी मकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम-हरदोली मे कुसुम कली कोल के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन, कल्लू देवी कोल के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन, ग्राम-कोल्हुआ मे सुनीता कोल के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा,संतोष कुमार के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, जानकी कोल के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम झिरीरा मे दुअसिया कोल के रिहायशी मकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, ग्राम पटेहरा मे जसरीन बानो के रिहायशी मकान से 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा ने बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन, निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, अजय श्रीवास्तव, आरक्षक वेदप्रकाश तिवारी, आशीष गुप्त, अतुल बागरी, सुमित पयासी, राहुल पाण्डेय, आकांक्षा द्विवेदी,अपर्णा सोधिया व रीतू कोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सेमरिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही छेड़छाड़ के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ गुरकरण सिंह के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेमरिया शिवा अग्रवाल तथा पुलिस टीम द्वारा छेंडछांड के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया । फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर उसकी नाबालिक लडकी के साथ आरोपी व्दारा छेंडछांड करने एवं घटना की बात किसी को बताने पर जान से मारने संबंधी रिपोर्ट लेख कराया था जिस पर थाना सेमरिया में अपराध धारा- 74,78(2),351(3) बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की धाराओ के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था एवं अपराध पंजीयन के बाद से आरोपी की पता तलाश की गई जो लगातार फरार था जिसे विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया है। थाना सेमरिया में आरोपी के विरुद्ध पूर्व से छेंडछांड का एक अन्य अपराध पंजीबद्ध है ।गिरफ्तार आरोपी विकाश सिंह पटेल पिता बलवंत सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रहट रतेंगी टोला थाना सेमरिया जिला रीवा उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, एस आई लंकेश वर्मा, प्र.आर. प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक पंचमलाल प्रजापति, आरक्षक जीतेन्द्र बागरी की सराहनीय भूमिका रही 1

## 38 वर्ष पुराने आकृति टॉकीज विवाद में हाईकोर्ट का आया फैसला: कपिध्वज सिंह का दावा खारिज, दुष्यंत सिंह की हुई जीत निरस्त

**रीवा।** करीब 38 वर्ष पुराने आकृति टॉकीज भूमि विवाद में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कपिध्वज सिंह को बड़ा कानूनी झटका दिया है। न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने सिविल रिवीजन क्रमांक 817/2025 स्वीकार करते हुए विचारण न्यायालय द्वारा 24 जून 2025 को पारित आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही कपिध्वज सिंह द्वारा वर्ष 2015 में दायर वादपत्र को परिसीमा (लिमिटेशन) की दृष्टि से बाधित मानते हुए प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में कहा कि विवादित संपत्ति से संबंधित वर्ष 1977 के विक्रय विलेख तथा वर्ष 1979 के शुद्धि विलेख को लगभग 38 वर्ष बाद चुनौती दी गई। वादपत्र में ऐसा कोई ठोस आधार या तथ्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि वादी को इन दस्तावेजों की जानकारी बाद में प्राप्त हुई थी। न्यायालय ने माना कि प्रथम दृष्टया यह दावा परिसीमा अधिनियम के अनुच्छेद 58 एवं 59 के प्रावधानों से बाधित है और विधि द्वारा निर्धारित समय-सीमा के बाहर दायर किया गया है। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि वादपत्र में आवश्यक और महत्वपूर्ण तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। विवादित संपत्ति पर निर्माण, नामांतरण, कब्जे की स्थिति तथा अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं का समुचित विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया। न्यायालय ने टिप्पणी की कि वादपत्र का प्रारूप इस प्रकार तैयार किया गया कि परिसीमा संबंधी कानूनी बाधा से बचने का प्रयास प्रतीत होता है। आदेश में इसे आवश्यक अभिकथनों से बचने के लिए चतुरतापूर्ण प्रारूपण बताया गया।दुष्यंत सिंह की ओर से प्रभावी पैरवीमामले में दुष्यंत सिंह की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर एवं अधिवक्ता भूपेश तिवारी ने पक्ष रखा।

### निर्माण स्वीकार, लेकिन समय का उल्लेख नहीं

अदालत ने यह भी कहा कि वादी स्वयं यह स्वीकार करता है कि विवादित भूमि पर निर्माण किया गया है, लेकिन उसने यह स्पष्ट नहीं किया कि निर्माण कब हुआ और उसे विक्रय विलेखों की जानकारी किस समय प्राप्त हुई। न्यायालय ने इसे वाद के निर्णय के



लिए महत्वपूर्ण तथ्य माना और कहा कि इन तथ्यों के अभाव में वादपत्र प्रथम दृष्टया ही स्वीकार योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई वाद प्रथम दृष्टया ही परिसीमा की विधि से बाधित प्रतीत होता है, तब सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश-7 नियम-11 के तहत उसे प्रारंभिक स्तर पर ही निरस्त किया जा सकता है। इसी आधार पर न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश को निरस्त करते हुए वादपत्र खारिज कर दिया।

### बस्तियों में नशे के खिलाफ जनता का हल्लाबोल: एसपी को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** जिले में नशे के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान का असर अब आम जनता के बीच भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। शहर की विभिन्न बस्तियों के लोगों ने अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री के खिलाफ खुलकर आवाज उठाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रतहरा, बंसल बस्ती, गुढ़ चौराहा, रानी तालाब सहित अन्य क्षेत्रों में खुलेआम संचालित हो रहे कथित नशे के अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन देने पहुंचे लोगों का कहना था कि उनकी बस्तियों में लंबे समय से अवैध रूप से शराब और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार संचालित हो रहा है। इससे युवाओं और किशोरों में नशे की लत बढ़ती जा रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव पूरे सामाजिक माहौल पर पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नशे का यह अवैध कारोबार स्थानीय परिवारों की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि शिकायतकर्ताओं ने केवल सामान्य शिकायत करने के बजाय कथित रूप से इस कारोबार में शामिल लोगों के नामों का भी उल्लेख करते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।ज्ञापन सौंपने वालों में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी ने इस विरोध को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि जब भी वे अपने मोहल्लों में शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री का विरोध करती हैं तो उन्हें धमकियां दी जाती हैं तथा कई बार मारपीट और अभद्र व्यवहार जैसी घटनाओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने और बस्तियों का सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की मांग की।2

## एनसीएल ने ओबरी से कसैया वाया कन्हैया दह सड़क निर्माण हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के साथ किया एमओयू



**सिंगरौली।** स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने सीएसआर के तहत सड़क निर्माण हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए), सिंगरौली के साथ एमओयू किया । जिला कलेक्टर, सिंगरौली, गौरव बैनल की गरिमामयी उपस्थिति में इस आशय के एमओयू पर एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर), राजीव रंजन और मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए), सिंगरौली की ओर से महाप्रबंधक, गणेश प्रसाद मिश्रा ने हस्ताक्षर किए । हर मौसम के लिए अनुकूल बनने वाली 8 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 11.7 करोड़ है । उल्लेखनीय है कि माननीय सांसद सीधी और माननीय विधायक देवसर ने उपरोक्त सड़क के निर्माण हेतु पूर्व में अनुसंशा किया था उक्त एमओयू के तहत एनसीएल द्वारा ओबरी से कसैया वाया कन्हैया दह तक 8 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क और क्रास ड्रेनेज (पुल-पुलिया) के निर्माण कार्य हेतु 11.71 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। इस सड़क निर्माण से आस-पास के गांवों की देवसर ब्लॉक से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी के साथ हर मौसम में निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, बेहतर सड़क अवसंरचना से स्थानीय व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा किसानों के लिए कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुँचाना अधिक आसान और सुगम हो पायेगा।

## देश के वीर सैनिकों का विंध्य की धरा में होगा सम्मान, मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव जन्मदिन कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 29को, 120 संगठन करेंगे वीरों का सम्मान




**रीवा।** 70 वर्ष के अपने जीवन में 53 वर्ष समूचे समाज की सेवा में समर्पित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी एवं मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 70वें जन्मदिन पर इस वर्ष 70 सैनिकों का सम्मान समारोहआयोजित किया जाएगा। रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में 29 जुलाई को वीर सैनिकों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 120 संगठन के द्वारा मिलकर किया गया है, जिसमें सेना प्रमुख सहित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा वह अन्य मीसाबंदी एवं सेना के अधिकारी शामिल होंगे। बता दे भारत मां की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की वीरांगनाओं का, भूतपूर्व सैनिकों का एवं वर्तमान में देश के लिए सेवाएं देने वाले विंध्य क्षेत्र के योद्धाओं का सम्मान समारोह आगामी 29 जुलाई 2026 को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जाएगा, उक्त आशय की जानकारी देने हेतु सर्व सामाजिक संगठन द्वारा स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसमें प्रमुख रूप से भारती शर्मा, डॉ सुष्मिता मिश्रा जयपुरिया, सुजीत द्विवेदी, सुभाष पांडेय, अनुराधा श्रीवास्तव, अमित पटेल, कौशलेश मिश्रा, रचिता खंडेलवाल, योगेश दुबे, राजराखन पटेल, अभिषेक सिंह, शुभम सिंह, घनश्याम पटेल, रेनु यादव एवं दीक्षा द्विवेदी उपस्थित रही।

## नशा मुक्ति अभियान सिर्फ फोटो खिंचवाने तक सीमित- संतोष तिवारी

**मऊगंज।** जिले में एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर समाजसेवी संतोष तिवारी ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने पहुंचकर पत्रकारों से चर्चा कर तिवारी ने आरोप लगाया कि गांव-गांव अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है और पुलिस का नशा मुक्ति अभियान केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गया हैजिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। समाजसेवी संतोष तिवारी ने बुधवार को पुलिस प्रशासन पर कथित अवैध शराब कारोबार को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले में एक ओर स्कूल, कॉलेज, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम शराब की बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं।संतोष तिवारी ने कहा कि यदि प्रशासन वास्तव में जिले को नशामुक्त बनाना चाहता है तो उसे गांव-गांव जाकर अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नशा मुक्ति अभियान केवल प्रचार और फोटो खिंचवाने तक सीमित है। उनका कहना है कि अभियान तभी सफल माना जाएगा, जब अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी तरीके से रोक लगेगी।समाजसेवी ने पुलिस प्रशासन और जिले के विभिन्न थानों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मऊगंज, नईगढ़ी सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में कथित तौर पर अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। तिवारी ने दावा किया कि रात के समय शराब की गाड़ियां गांव-गांव पहुंचती हैं



और अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। उन्होंने पुलिस पर इन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन को उनके आरोपों पर विश्वास नहीं है तो वह अधिकारियों के साथ गांव-गांव चलने के लिए तैयार हैं। तिवारी ने कहा, 'एसपी साहब हमारे साथ चलिए, हम आपको दिखाएंगे कि कहां-कहां अवैध शराब बिक रही है।' उन्होंने एसपी, एएसपी और एसडीओपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर स्थिति देखने की अपील की।संतोष तिवारी ने कहा कि केवल नशा मुक्ति अभियान चलाने और जागरूकता कार्यक्रमों की तस्वीरें सामने लाने से मऊगंज जिला नशामुक्त नहीं होगा। इसके लिए अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

## नईगढ़ी जनपद कार्यालय पर ग्रामीणों ने दिया धरना सड़क निर्माण और राशि गबन की जांच की मांग



**मऊगंज।** जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत के सामने बहेरा कोठार पंचायत के सिगटी कला गांव के ग्रामीण सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज होकर धरना दिया ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक निधि से 10 लाख रुपए स्वीकृत होने के बावजूद सरपंच, सचिव और उपयंत्री की लापरवाही तथा कथित अनियमितताओं के कारण सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ। उन्होंने मामले की जांच, दोषियों पर कार्रवाई और तत्काल सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बुधवार को बहेरा कोठार पंचायत के सिगटी कला गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया। उपसरपंच श्रवण कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।ग्रामीणों का कहना है कि करीब 800 की आबादी वाले सिगटी कला गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क आजादी के दशकों बाद भी नहीं बन सकी। पहले जमीन की समस्या थी, लेकिन ग्रामीणों ने तीन-चार वर्ष पूर्व ही दानपत्र देकर जमीन शासन के नाम दर्ज करा दी। इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले वर्ष विधायक निधि से सड़क निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे, लेकिन सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से राशि का कथित रूप से दुरुपयोग कर लिया गया और सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। हालांकि, इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क नहीं होने से बारिश के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। बीमार और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए चारपाई का सहारा लेना पड़ता है, जबकि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उनका दावा है कि सड़क के अभाव में वर्षों से कई लोगों की जान भी जा चुकी है।उपसरपंच श्रवण कुमार शुक्ला ने कहा कि जब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं होगा और कथित अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ग्रामीण जनपद कार्यालय के सामने अनशन जारी रखेंगे। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर स्वीकृत राशि का सही उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है।